RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

ठाठ कीजिए आप सब, दिन हैं पूरे साठ।
साठ दिनों तक कीजिए, आप मजे से ठाठ।
आप मजे से ठाठ, साठ दिन पूरे करिए।
भरे तेल भंडार, भरा जी यूं ना डरिए।
कह साहिल कविराय, न टेंशन ऐसे लीजे।
साठ दिनों तक ठाठ, मित्रवर जमकर कीजे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 63 | SATURDAY DATE 28-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER    Visit at : www.uturntime.com



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर पुलिस ने बीते 3 सालों में धोखाधड़ी करने वाले 1692 लोगों को किया गिरफ्तार

**गौतमबुद्ध नगर, यूटर्न/ 27 मार्च।** गौतमबुद्ध नगर में साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस द्वारा बीते तीन वर्षों में व्यापक कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी 2023 से 27 मार्च 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी कस्टमर केयर कॉल और लोन ऐप फ्रॉड समेत विभिन्न साइबर अपराधों का सफल खुलासा किया गया है।

### दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस: जांच के लिए एनआईए को मिला 45 दिन का और समय

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए भीषण ब्लास्ट मामले में जांच को आगे बढ़ाने के लिए अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को 45 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट की एनआईए अदालत ने यह समय एजेंसी की मांग पर बढ़ाया है। एनआईए ने दूसरी बार कोर्ट से समय बढ़ाने की अपील की थी, जिसे शुक्रवार को मंजूरी मिल गई। एजेंसी का कहना है कि जांच के दौरान कई नए सुराग सामने आए हैं और बड़े पैमाने पर डिजिटल सबूतों की जांच की जा रही है, जिसके लिए अतिरिक्त समय जरूरी है। एनआईए ने दावा किया है कि इस मामले के तार केवल भारत तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जुड़े हो सकते हैं। एजेंसी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। जांच के दौरान आरोपियों से कुछ कट्टरपंथी अरबी लेख भी बरामद हुए हैं।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी का 34वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 27 मार्च। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण रहा, श्री रामनवमी के पावन अवसर पर विद्यालय का 34वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह, भक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। पिछले 34 वर्षों से विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए आसपास के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रांगण में विधिवत हवन-यज्ञ के साथ हुई, जिसमें चेयरमैन, प्रिंसिपल, समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा श्री रामनवमी पर आधारित भव्य एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

यह झांकी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर उकलाना मंडी में मुख्य गलियों से पुरानी मंडी,अनाज मंडी,अप्रोच रोड, बस स्टैंड,चौबीसी,सुरेवाला अनाज मंडी,प्रभुवाला, बुढ़ा खेड़ा तक निकाली गई,श्री सनातन धर्म मंदिर गीता भवन उकलाना के आगे उकलाना के गणमान्य लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया और इस शानदार आयोजन के लिए स्कूल मैनेजमेंट को बधाई दी! जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना एवं ऑक्सफोर्ड ग्लोबल स्कूल उकलाना के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सतीश भारती ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऑक्सफोर्ड परिवार सदैव समाज,राष्ट्र की सेवा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है और आगे भी इसी संकल्प के साथ कार्य करता रहेगा।

# केवीके उझा में गेहूं की फसल पर फील्ड डे का आयोजन

» निर्मल सिंह




पानीपत, यूटर्न/ 27 मार्च। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, उझा, पानीपत द्वारा गेहूं फसल पर आधारित दो फील्ड डे (प्रक्षेत्र दिवस) कार्यक्रमों का आयोजन क्रमशः लोहारी एवं सिठाना गांव में किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को केवीके द्वारा उनके खेतों पर संचालित फ्रंटलाइन डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से नवीनतम एवं उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

लोहारी गांव में आयोजित फील्ड डे के दौरान केवीके पानीपत द्वारा गेहूं की बायोफोर्टिफाइड किस्मों का प्रदर्शन किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं केवीके के समन्वयक डॉ. सतपाल सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में पोषण सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है और इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा गेहूं की ऐसी उन्नत बायोफोर्टिफाइड किस्में विकसित की गई हैं, जो आयरन, जिंक एवं प्रोटीन जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित उत्तर भारत में प्रचलित धान-गेहूं फसल चक्र अत्यधिक पोषक तत्वों की मांग करता है, जिसके कारण समय के साथ मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों, विशेषकर जिंक एवं आयरन की कमी बढ़ती जा रही है। ऐसे में बायोफोर्टिफाइड किस्मों का प्रयोग न केवल उत्पादन बढ़ाने में सहायक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य सुधार एवं कुपोषण की समस्या को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने किसानों को यह भी बताया कि इन किस्मों में उच्च उत्पादन क्षमता के साथ-साथ बेहतर दाना गुणवत्ता पाई जाती है, जिससे बाजार में अच्छी कीमत प्राप्त होती है। डॉ. सिंह ने केवीके द्वारा किसानों के खेतों पर किए जा रहे फ्रंटलाइन डेमोंस्ट्रेशन के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों को अपनाने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों द्वारा गेहूं की बुवाई में फसल अवशेष प्रबंधन तकनीकों को अपनाने की सराहना की और कहा कि इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषण में कमी आती है, बल्कि मृदा की उर्वरता एवं जैविक कार्बन स्तर में भी सुधार होता है।

कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, बीज उपचार एवं समय पर बुवाई के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। किसानों ने खेत पर खड़ी फसल का अवलोकन किया और वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

दूसरा फील्ड डे सिठाना गांव में अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।



### ट्राईसिटी बनेगा फैशन का हॉटस्पॉट, नॉर्थ इंडिया आइकॉनिक सीजन-2 29 मार्च को

**हरियाणा हिसार, यूटर्न/ 27 मार्च।** ट्राईसिटी में ग्लैमर और फैशन का बड़ा धमाका होने जा रहा है। रॉयल पार्क रिजॉर्ट, जीरकपुर में 29 मार्च को 'नॉर्थ इंडिया आइकॉनिक सीजन-2' का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के उभरते और प्रोफेशनल मॉडल्स अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। इस मेगा इवेंट का आयोजन एसजी प्रोडक्शन व प्रीति अरोड़ा एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है, कार्यक्रम में मॉडलिंग वर्कशॉप, ग्रैंड फैशन शो, प्रोफेशनल फोटोशूट, नेटवर्किंग सेशन और मॉडलिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों को इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से सीखने, अपने हुनर को निखारने और बड़े प्लेटफॉर्म पर खुद को साबित करने का शानदार मौका मिलेगा। आयोजकों के अनुसार यह इवेंट नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के साथ-साथ उन्हें प्रोफेशनल ग्रूमिंग और बेहतरीन एक्सपोजर भी प्रदान करेगा। ग्लैमर, टैलेंट और अवसर-तीनों का शानदार संगम इस इवेंट में देखने को मिलेगा, जो ट्राईसिटी को फैशन इंडस्ट्री का नया हॉटस्पॉट बनाने की ओर एक बड़ा कदम साबित होगा।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी का 34वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**हरियाणा हिसार, यूटर्न/ 27 मार्च।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण रहा, श्री रामनवमी के पावन अवसर पर विद्यालय का 34वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह, भक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। पिछले 34 वर्षों से विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए आसपास के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रांगण में विधिवत हवन-यज्ञ के साथ हुई, जिसमें चेयरमैन, प्रिंसिपल, समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा श्री रामनवमी पर आधारित भव्य एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। यह झांकी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर उकलाना मंडी में मुख्य गलियों से पुरानी मंडी,अनाज मंडी,अप्रोच रोड, बस स्टैंड,चौबीसी,सुरेवाला अनाज मंडी,प्रभुवाला, बुढ़ा खेड़ा तक निकाली गई,श्री सनातन धर्म मंदिर गीता भवन उकलाना के आगे उकलाना के गणमान्य लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया और इस शानदार आयोजन के लिए स्कूल मैनेजमेंट को बधाई दी! जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना एवं ऑक्सफोर्ड ग्लोबल स्कूल उकलाना के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सतीश भारती ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऑक्सफोर्ड परिवार सदैव समाज,राष्ट्र की सेवा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है और आगे भी इसी संकल्प के साथ कार्य करता रहेगा।

# दिल्ली पुलिस ने महरौली में अपराधी को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**

दक्षिणी दिल्ली के महरौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने पेशेवर अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि फिलहाल जमानत पर बाहर रह रहा अपराधी अपने खिलाफ चल रहे मामलों के गवाहों को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए महरौली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया। एसीपी महरौली की निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एसआई अमित कुमार, एएसआई रविंदर, कॉन्स्टेबल विनोद और कॉन्स्टेबल अर्जुन शामिल थे। टीम ने अंधेरिया मोड़, एमबी रोड के पास छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक भरी हुई देसी पिस्तौल बरामद हुई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छतरपुर स्थित उसके घर पर भी छापा मारा, जहां से चार और जानलेवा हथियार चाकू और छोटी तलवारें बरामद की गईं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोशन के रूप में हुई है जो एक पेशेवर अपराधी है और पहले से कई गंभीर मामलों में शामिल रहा है।

# राम नवमी, नवरात्र के समापन पर भव्य शोभा यात्राओं के साथ कानपुर में रही कन्या भोज की धूम

» सुनील बाजपेई




कानपुर, यूटर्न/ 27 मार्च। यहां चैत्र नवरात्र के आज अखिरी दिन राम नवमी पर भगवान के साथ ही मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान देवी मंदिरों व घरों में हवन के बाद कन्याओं का पूजन कर उनका भोज भी किया गया। हर ओर देवी गीतों व जयकारों से माहौल भक्तिमय भी रहा। शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती जगदंबा व काली जी की आराधना-साधना के पर्व नवरात्रि में आज प्रातः से ही देवी दरबारों में श्रद्धा की फुहार बरसी। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल व चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया व घर-परिवार एवं देश समृद्धि की दुआ मांगी। नवरात्र के दिनों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में विजय लक्ष्मी, नेहा, अनुराग, शालू, सुबोध, राघव, माधव बाजपेई, मनीश मिश्रा, मोना किट्टू और कीनू, रूची राज मिश्रा, मीठी, नंदन, कृष्णा आदि ने देवी मां का दर्शन कर मंदिरों व घरों में परांपरागत कन्या-पूजन कर हलवा, पूड़ी, चना, दही-जलेबी आदि का भोग लगाया। साथ ही कन्याओं को लाल चुनरी व उपहार भी भेंट किया। इस दौरान मंदिरों में 'जय श्री राम व जय माता दी' के उद्घोष के बीच घंटाघड़ियाल भी खूब बजे। वहीं, जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जिसे भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव से चखा। वहीं हर साल की तरह इस साल भी रामनवमी के भव्य शोभा यात्राओं का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रामलला रावतपुर मंदिर से निकलने वाली सबसे बड़ी रामनवमी शोभा यात्रा के साथ ही अन्य सभी आयोजनों के दौरान भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही तगड़ी तैयारी कर रखी थी जिसके तहत ही रामनवमी पर रावतपुर क्षेत्र से निकलने वाली विशाल शोभायात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भीलगाया गया था। अवगत कराते चलें कि रावतपुर क्षेत्र सांप्रदायिक दृष्टिकोण से भी बहुत संवेदनशील है और पूर्व में कई बार हिंसक घटनाएं भी हो चुकी हैं। यही वजह है कियहां सुरक्षाके कड़े इंतजाम रखना में कोई भी कसर बाकी नहीं रखी गई।

RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



बोल्ड नहीं ट्रेडिशनल अंदाज में दिखीं उर्फी जावेद

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 63 | SATURDAY DATE 28-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट ने बड़े अनियमितताओं का किया खुलासाः सिरसा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** दिल्ली विधानसभा में पुरानी आबकारी नीति पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे केजरीवाल सरकार द्वारा 'सोच-समझकर बनाई गई नीति' बताया। मंत्री ने कहा कि कैग रिपोर्ट और पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) की टिप्पणियां यह दिखाती हैं कि कई विभागों में गड़बड़ियां हुईं, लेकिन आबकारी नीति सबसे बड़ा उदाहरण है। सिरसा ने कहा, 'कैग की रिपोर्ट साफ बताती है कि यह कोई गलती नहीं थी, बल्कि जानबूझकर बनाई गई नीति थी। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली, लगभग हर विभाग में गड़बड़ियां सामने आई हैं, लेकिन आबकारी नीति सबसे बड़ा घोटाला है।' मंत्री ने बताया कि कैग रिपोर्ट के अनुसार 17 नवंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 के बीच दिल्ली को लगभग 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ।



### मध्य प्रदेशः ईडी ने 12.62 करोड़ रुपए की दो अचल संपत्ति जब्त की

**भोपाल, यूटर्न/ 27 मार्च।** मेसर्स एक्सेल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके डायरेक्टर्स मंजू गर्ग और ऋषभ गर्ग से जुड़े एक बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को 12.62 करोड़ रुपए की दो अचल संपत्ति को जब्त किया है। जब्त की गई संपत्ति में एक कृषि भूमि और एक कमर्शियल प्लॉट शामिल है। सीबीआई और एसीबी की ओर से आईपीसी के 1860 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 के अलग-अलग सेक्शन्स के तहत मेसर्स एक्सेल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ बैंक ऑफ इंडिया के साथ कथित तौर पर फ्रॉड करने के मामले में एफआईआर किया गया था, जिसके बाद ईडी ने यह कार्रवाई की। बैंक को लगभग 42 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

# एस-400 मिसाइल प्रणाली सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**



सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढाने तथा उनके आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2.38 लाख करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी है जिनमें वायु सेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली, मानव रहित मारक विमान तथा सुखोई- 30 लड़ाकू विमानों के एयरो इंजन एग्रीगेटर के रखखाव के प्रस्ताव प्रमुख हैं। साथ ही इनमें सेना के लिए वायु रक्षा ट्रैक प्रणाली, कवच भेदी टैंक गोला-बारूद, उच्च क्षमता रेडियो रिले, धनुष तोप प्रणाली तथा रनवे स्वतंत्र हवाई निगरानी प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इन सौदों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि वायु सेना के पुराने हो चुके मालवाहक विमानों एएन-32 और आईएल-76 परिवहन बेड़े के स्थान पर मध्यम परिवहन विमान को बेड़े में शामिल करने से वायु सेना की रणनीतिक, सामरिक और परिचालन वायु परिवहन आवश्यकता कई गुना बढ जायेगी।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सुर्खियों में रही भारत की एस-400 वायु रक्षा प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्ष्य बनाने वाले दुशमन के लंबी दूरी के हवाई हथियारों से निपटने का काम करेगी जबकि दूर से संचालित प्रहारक मानव रहित विमान आक्रामक कार्रवाई तथा समन्वित वायु अभियानों को संचालित करने में सेनाओं को अधिक सक्षम बनाएगा।

# एक्साइज ड्यूटी कटौती से जनता को राहत : शाह



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार की जन-केंद्रित शासन और संवेदनशील निर्णय लेने की क्षमता को दशार्ता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'जब पश्चिम एशिया संकट के बीच पूरी दुनिया ईंधन की कमी से जूझ रही है और कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ रही हैं, ऐसे समय में मोदी सरकार का ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला नागरिकों को बहुत जरूरी राहत देता है।' अमित शाह ने पोस्ट में आगे लिखा, 'जहां कई देशों ने डीजल और पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी हैं, वहीं मोदी सरकार का एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला जन-केंद्रित शासन और संवेदनशील निर्णय लेने की क्षमता को दशार्ता है। इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई।' केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिखा, 'मौजूदा उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर बहुत ही साहसी और संवेदनशील फैसला लेकर स्थिति को संभाला है। उन्होंने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दी है, जिससे आम आदमी को बहुत बड़ी राहत मिली है।' उन्होंने आगे लिखा, 'जैसे कोविड महामारी के दौरान भारत ने बाकी दुनिया के लिए एक मिसाल कायम की थी, वैसे ही मौजूदा समय में भी प्रधानमंत्री मोदी ने रास्ता दिखाया है।'

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'हर नागरिक के लिए एक बड़ी राहत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ईंधन पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपए से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है और डीजल पर इसे 10 रुपए से घटाकर शून्य कर दिया गया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद, हमने यह सुनिश्चित किया है कि आम आदमी पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े और साथ ही तेल कंपनियों पर भी दबाव कम किया है।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, 'जब-जब देश ने चुनौतियों का सामना किया है, तब-तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व और दूरदर्शी निर्णयों से देशवासियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपए से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल पर 10 रुपए से शून्य करना आमजन को बड़ी राहत देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। साथ ही, डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क के माध्यम से देश में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना एक संतुलित एवं जनहितकारी दृष्टिकोण को दशार्ता है।' उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में आगे कहा, 'यह निर्णय फिर से सिद्ध करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सदैव राष्ट्रहित और जनकल्याण सर्वोपरि है।' बता दें कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की, जिससे पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटकर 3 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर शून्य हो गई है।



### सीएम धामी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, उत्तराखंड आने का दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग व मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को देवभूमि उत्तराखंड आने का भी निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टिहरी जनपद में स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की रेप्लिका, बद्री गाय के घी के साथ ही राज्य के अलग-अलग जिलों से मंगाई पांच प्रकार के राजमा और शहद भेंट किए। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ-2027 के लिए 500 करोड़ रुपए की सहायता, नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा फिजिबिलिटी स्टडी, राजाजी नेशनल पार्क स्थित चौरासी कुटिया के विकास के लिए 100 रुपए करोड़ की स्वीकृति, पिथौरागढ़ के नैनी-सैनी हवाई पट्टी हेतु एमओयू और चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षित हेली सेवाओं हेतु संचालन में सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

### वैश्विक संकट में स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ काम कर रही सरकारः नकवी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** पश्चिम एशिया संकट को लेकर बीच भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने केंद्र सरकार की भूमिका को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में सरकार के भीतर किसी तरह का भ्रम या विरोधाभास नहीं है, बल्कि पूरी स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ काम किया जा रहा है। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस आपदा के समय में भी अवसर तलाशने में लगे हुए हैं और सियासत करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ हालात को संभाल रही है और देश को इस संकट से बाहर निकालना उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने युद्ध के प्रभाव पर बात करते हुए कहा कि कोई भी जंग अस्थायी होती है, लेकिन उसका असर लंबे समय तक रहता है। उन्होंने 1945 में हुए हिरोशिमा और नागासाकी के हमलों का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके जख्म आज भी दुनिया महसूस करती है।

## जमानत पर छूटकर धमकी देने वालों की जमानत कराएं निरस्त : योगी

**» गोरखपुर, यूटर्न/ 27 मार्च।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमानत पर छूटकर वादी को धमकाने वाले अभियुक्तों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी जमानत निरस्त कराई जाए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन परिसर के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों ने दबंगों द्वारा डराने-धमकाने की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव हर व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिए और सभी पात्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। साथ ही, जमीन कब्जाने वाले भू-माफियाओं और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## ट्रैफिक जाम से हो रहा भारी आर्थिक नुकसान, 'नेशनल अर्बन डीकंजेशन मिशन' की मांगः राघव चड्ढा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**

आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को देश के बड़े महानगरों में बढ़ती ट्रैफिक समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए 'नेशनल अर्बन डीकंजेशन मिशन' बनाने की मांग की।

संसद के उच्च सदन में शहरी चुनौतियों पर बोलते हुए चड्ढा ने कहा कि ट्रैफिक जाम ने मेट्रो शहरों को 'विशाल पार्किंग लॉट' में बदल दिया है, जहां लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के बजाय सड़कों पर ही घंटों फंसे रहते हैं।

उन्होंने दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और चेन्नई जैसे शहरों के प्रमुख जाम वाले इलाकों का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में रिंग रोड, आश्रम चौक, धौला कुआं और एनएच-8 दिल्ली-गुरुग्राम मार्ग पर भारी जाम की स्थिति रहती है। वहीं कोलकाता में ए.जे.सी. बोस रोड और चौरंगी रोड, बेंगलुरु में सिल्क बोर्ड जंक्शन और आउटर रिंग रोड, जबकि मुंबई में अंधेरी, बांद्रा और फोर्ट क्षेत्र लगातार जाम से जूझ रहे हैं।



चड्ढा ने कहा, 'जब आप इन जगहों पर फंसते हैं तो ऐसा लगता है कि सड़क पर नहीं, बल्कि किसी लंबी पार्किंग में खड़े हैं। लोग अब ट्रैफिक में फंसकर अपनी कार से ही वर्चुअल मीटिंग्स करने को मजबूर हो रहे हैं।'

उन्होंने ट्रैफिक जाम को सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि एक बड़ा आर्थिक संकट बताते हुए कहा कि बेंगलुरु में एक व्यक्ति साल में औसतन 168 घंटे ट्रैफिक में फंसा रहता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# चाकूबाजी की घटना में एक शख्स की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** अलीपुर पुलिस स्टेशन को कश्मीरी कॉलोनी के हिरनकी में चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली थी। इस घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है और आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

हत्या की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों वाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि चाकूबाजी की घटना में घायल शख्स को पहले ही बुराड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची जहां घायल को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान बुराड़ी के रहने वाले अरुण कुमार, पुत्र मोनू, उम्र लगभग 22 वर्ष, के रूप में हुई। वह एक गरीब परिवार से था और उसके पिता रिक्शा चालक थे। परिवार के सदस्यों के अनुसार, वह किशोरावस्था में नशे का आदी हो गया था। उसके परिवार के सदस्यों ने उसे एक पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया। इस घटना को लेकर अलीपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, इंस्पेक्टर विवेक के नेतृत्व में तत्काल समर्पित टीम का गठन किया गया। शख्स पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अरुण जोशी पुत्र महेश जोशी, उम्र लगभग 27 साल, केशव पुरम, दिल्ली का रहने वाला है। उसके पास से जुर्म में इस्तेमाल किया गया हथियार यानी चाकू बरामद किया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। आगे की जांच में पता चला कि यह घटना 'किरणदीप फाउंडेशन' नाम के एक नशा मुक्ति केंद्र के अंदर हुई थी। अभी, केंद्र में लगभग 27 ड्रग एडिक्ट भर्ती हैं। आरोपी अरुण जोशी ने 2019 में गुरु नानक देव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रोहिणी, दिल्ली से केमिकल इंजीनियरिंग पूरी की है। उनके पिता घर के पास किराए पर एक मेडिकल शॉप चलाते हैं।

# 'न लॉकडाउन लगेगा, न ईंधन की कमी होगी'

## किरेन रिजिजू ने पीएम मोदी की फ्यूल ड्यूटी में कटौती की सराहना की



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर उठ रही चिंताओं और लॉकडाउन की अफवाहों के बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ किया कि देश में किसी भी तरह का लॉकडाउन नहीं लगाया जा रहा है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि वे जमाखोरी रोकें और ईंधन की सप्लाई को सुचारु बनाए रखें। केंद्रीय संसदीय मंत्री रिजिजू ने केंद्र सरकार के उस फैसले की जमकर सराहना की, जिसमें पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में बड़ी कटौती की गई है। उन्होंने इसे आम लोगों को राहत देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं पूरे देश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं। ऐसे कठिन समय में, जब दुनिया के जिस क्षेत्र से हमें गैस और पेट्रोलियम उत्पाद मिलते हैं, वहां युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है, उस समय इतना बड़ा फैसला लेना कोई सामान्य बात नहीं है।' उन्होंने आगे कहा कि सरकार का मकसद साफ है कि देश के किसी भी नागरिक को रोजमर्रा की जिंदगी में परेशानी न हो। प्रधानमंत्री ने आज दिखा दिया है कि किसी भी भारतीय को अपने दैनिक जीवन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर आम व्यक्ति समझता है कि हमारे देश में गैस और तेल का उत्पादन बहुत कम होता है और हम आयात पर निर्भर हैं। ऐसे में कीमतों को नियंत्रित रखना और बढ़ने से रोकना बहुत बड़ा फैसला है।

किरेन रिजिजू ने बताया कि पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी अब सिर्फ 3 रुपए रह गई है, जबकि डीजल को पूरी तरह ड्यूटी-फ्री कर दिया गया है।

# आए थे रोजी-रोटी कमाने, खाने पर ही आ गया संकट, यूपी-बिहार-बंगाल के प्रवासी बोले- आ अब लौट चलें

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**

घर से हजारों किलोमीटर दूर प्रवासी रोजी-रोटी की जुगाड़ में निकले थे। अब एलपीजी किल्लत से उनके खाने पर ही संकट छा गया।

इससे प्रवासी मजदूर अब बोल रहे, आ अब लौट चलें। इन दिनों भारी संख्या में प्रवासी अपने घर जाने के लिए दूसरे प्रदेशों समेत दिल्ली से रेलवे स्टेशनों पर पहुंच रहे हैं। इससे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखी जा रही है।

### रोजी-रोटी की तलाश में आए थे

उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा जैसे राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में आए लोगों पर गैस संकट से खाने पर भी संकट छा गया है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र भी अछूते नहीं है। तभी आनंद विहार, नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घर लौटने वाले प्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रवासी किसी तरह अपने गांव लौटने को बेताब दिख रहे हैं।

### एक किलो गैस के लिए देना पड़ रहा 600-800 रुपये

कटिहार, बिहार निवासी बिपिन कुमार ने बताया कि वह बाहरी दिल्ली के एक होटल में खाना बनाने का काम करते हैं। गैस की किल्लत के कारण उनका होटल बंद हो गया जिससे उनका रोजगार खत्म गया। घर में जो गैस बचे थे, वो भी खत्म हो गया है।

## गैस की किल्लत से टूटी मजदूरों की कमर मुश्किल दौर में गांव ही एक मात्र सहारा



### दिहाड़ी से अधिक गैस की कीमत

उत्तर प्रदेश निवासी सलमान अली ने बताया कि दिल्ली में रहकर पहले से ही दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे थे। अब गैस की किल्लत और कालाबाजारी ने उसकी कमर तोड़ दी। उसने बताया कि उनकी कमाई प्रतिदिन 300-400 रुपये होती है और गैस की कीमत बाजारों में 600-800 रुपये प्रति किलो है। इस हिसाब से उनका दिल्ली में रहकर गुजारा करना नामुमकिन है।

### बंगाल में चुनाव है, वहां तो दिक्कत नहीं होगी

दिल्ली में एलपीजी गैस संकट का सामना कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों में वापसी का दूसरी वजह भी देखी गई। उनका कहना था कि दिल्ली में खाने के लाले पड़ रहे हैं, लेकिन उनके गृह राज्य में चुनावी साल होने से तोहफों की भरमार है। सरकार वहां गैस की किल्लत नहीं होने दे रही है और खाने-पीने की सुविधा भी भरपूर है। पश्चिम बंगाल वापस जा रहे नदीम ने बताया कि वहां जाने से वोट तो देंगे ही, चुनावों के दौरान कोई संकट भी नहीं रहेगा।

# दिल्ली के एक निजी स्कूल ने फीस न देने पर छात्रों के नाम काटे और रिजल्ट रोका, आज विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** मयूर विहार फेज-3 स्थित एक निजी स्कूल फिर फीस बढ़ोतरी को लेकर विवादों में है। आरोप है कि स्कूल ने बढ़ी हुई फीस न चुकाने पर 40 से अधिक छात्रों को नाम काटने के नोटिस जारी कर दिए हैं। साथ ही छात्रों के रिजल्ट भी रोक दिए गए हैं और अभिभावकों की शिकायतों का कोई जवाब नहीं दिया जा रहा।

अभिभावकों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों में बिना शिक्षा निदेशालय की अनुमति के करीब 57 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई गई है। विरोध करने पर स्कूल प्रशासन छात्रों को कक्षा में बैठने से रोकने और घर भेजने जैसे कदम उठा रहा है। इस मामले में कई अभिभावकों ने शिक्षा निदेशालय में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि कुछ ने कोर्ट में भी याचिका दायर की है। उसके बाद से स्कूल नाम काटने, रिजल्ट रोकने, कक्षा में न बैठने देने और स्कूल से छात्रों को लौटा देने जैसे कई कदम उठा चुका है। शिक्षा निदेशालय की ओर से स्कूल को ऐसा न करने की चेतावनी के कई नोटिस जारी होने के बावजूद स्कूल अपनी मनमानी पर अड़ा हुआ है। स्कूल के इस व्यवहार से परेशान अभिभावकों ने 27 मार्च को सुबह स्कूल के बाहर प्रदर्शन का आ'ान किया है।

# मधु विहार पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लंबे समय से फरार चल रहा कुख्यात आरोपी महबूब गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** दिल्ली पुलिस ने मधु विहार इलाके के कुख्यात महबूब उर्फ धौवा को गिरफ्तार किया है। 45 वर्षीय यह आरोपी झपटमारी के कई मामलों में शामिल रहा है और पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी पर पहले भी कई अपराधों के मामले दर्ज हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि 3 मार्च को मधु विहार थाने में झपटमारी का एक मामला दर्ज किया गया था। घटना के दौरान एक आरोपी, जिसका नाम मसरूल था, को मौके पर ही अपराध में इस्तेमाल वाहन और छीने गए मोबाइल फोन के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया गया था। हालांकि, उसका साथी महबूब उर्फ 'धौवा' मौके से भागने में सफल रहा और तब से गिरफ्तारी से बच रहा था। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर अरुण कुमार (एसएचओ मधु विहार) के नेतृत्व में और एसीपी तिलक चंद्र बिष्ट की देखरेख में एक समर्पित टीम का गठन किया गया था। एसआई भूपेंद्र के नेतृत्व वाली टीम ने अल्लाह कॉलोनी और मंडावली में संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी और निगरानी की। 24 मार्च को एक विशिष्ट गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने एक जाल बिछाया और सफलतापूर्वक आरोपी महबूब उर्फ धौवा को रोककर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दो चोरी के मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। आरोपी को अदालत के सामने पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी महबूब मंडावली में रहता है। आरोपी एक अनपढ़ व्यक्ति है और नशे का आदी है।

# जिन लाभार्थियों के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं, बैंक तत्काल वितरण सुनिश्चित करें : उपायुक्त



**» पानीपत, यूटर्न/ 27 मार्च।**

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को 124वीं जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं 144वीं जिला परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बैंकिंग योजनाओं, ऋण वितरण और सरकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना पर बल दिया। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बैंकों द्वारा लंबित मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी प्रकार की पेंडेंसी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त डॉ दहिया ने निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं, उनका तत्काल वितरण सुनिश्चित किया जाए। डॉ. दहिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, आवश्यकता पड़ी तो एफआईआर तक दर्ज कराई जा सकती है। उपायुक्त डॉ दहिया ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समीक्षा करें और लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करें। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।

# अलीपुर नशा मुक्ति केंद्र में झगड़े में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**



राजधानी दिल्ली के अलीपुर थाना अंतर्गत हिरंकी स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में गुरुवार रात खूनी संघर्ष हो गया। यहां भर्ती दो युवकों के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की जान चली गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केंद्र में ही रहने वाले दो लोगों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान बुराड़ी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर तुरंत अधिकारी और टीम भेजी गई। फिलहाल, नशा मुक्ति केंद्र में मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है और हमलावर की पहचान कर उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के संबंध में अलीपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों युवक पहले से ही मानसिक तनाव और नशे की स्थिति में थे। झगड़े के समय स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि नियंत्रण करना मुश्किल हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह नशा मुक्ति केंद्र इलाके में काफी समय से कार्यरत है और इसे आमतौर पर सुरक्षित माना जाता था।

# 'जन्मपत्री आयु का प्रमाण नहीं', 13 साल पुराने POCSO मामले में दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक 13 वर्ष पुराने पॉक्सो मामले में आरोपी की 2019 की दोषमुक्ति को बरकरार रखते हुए कहा कि जन्म पत्री और जच्चा-बच्चा रक्षा कार्ड जैसे पारंपरिक दस्तावेज आयु साबित करने के लिए वैध प्रमाण नहीं माने जा सकते। अदालत ने स्पष्ट किया कि नाबालिग होने का मामला साबित करने का बोझ अभियोजन पक्ष पर होता है और इसे विश्वसनीय सबूतों जैसे स्कूल रिकॉर्ड या ऑसिफिकेशन टेस्ट पर आधारित होना चाहिए। मामला 2013 का है, जिसमें एक व्यक्ति पर कथित तौर पर नाबालिग लड़की का अपहरण और बलात्कार का आरोप लगा था। ट्रायल कोर्ट ने 2019 में आरोपी को बरी कर दिया था, क्योंकि अभियोजन पक्ष लड़की की आयु 18 वर्ष से कम साबित नहीं कर सका।

राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा और न्यायमूर्ति नवीन चावला ने कहा कि लड़की के पिता द्वारा पेश की गई जन्मपत्री बाद में तैयार की गई थी और स्कूल रिकॉर्ड भी इसी पर आधारित था, इसलिए इसे आयु प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने टिप्पणी की, 'स्वीकार किया गया है कि जन्मपत्री जन्म तिथि का प्रमाण नहीं मानी जा सकती, इसलिए जन्मपत्री के आधार पर स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज आयु भी प्रमाण नहीं है।

# विश्व व्यापार संगठन में सुधार समावेशी और सदस्य-संचालित होने चाहिए: पीयूष गोयल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैमरून के याउंडे में चल रहे 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) में शुक्रवार को कहा कि डब्ल्यूटीओ सुधारों को एक पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ाया जाना चाहिए, जिसके मूलमंत्र में विकास हो। उन्होंने बिना भेदभाव वाले, सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेने और समानता जैसे प्रमुख सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया।



सम्मेलन के दौरान गोयल ने कैमरून के प्रधानमंत्री जोसेफ डियोन न्गुटे से मुलाकात की और भारत-कैमरून सहयोग को मजबूत करने के तरीकों सहित द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। नेताओं ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मूलभूत मुद्दों, जिनमें इसके मूल सिद्धांत भी शामिल हैं, पर भी चर्चा की।

गोयल ने एमसी14 के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक न्गोजी ओकोंजो-इवेला से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की समीक्षा के लिए नीदरलैंड, फ्रांस और इथियोपिया के अपने समकक्षों से अलग से मुलाकात की।

इसके अतिरिक्त सम्मेलन में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने चिली, पैराग्वे, अमेरिका, नेपाल, फिलीपींस, सऊदी अरब, मैक्सिको, पेरू, रूस और न्यूजीलैंड के समकक्षों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

डब्ल्यूटीओ का एमसी14 सत्र 26 मार्च को याउंडे में कैमरून के व्यापार मंत्री की अध्यक्षता में एक औपचारिक सत्र के साथ शुरू हुआ और 29 मार्च को समाप्त होगा। उद्घाटन सत्र में डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक न्गोजी ओकोंजो-इवेला और सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सत्र के बाद एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते के लागू होने पर खुशी जाहिर की गई। इस दौरान चर्चा में एमसी14 एजेंडा और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## नोकिया ने समर मित्तल और विभा मेहरा को सौंपी भारत की कमान

### कंपनी ने यह बदलाव बिजनेस रणनीति को और बेहतर बनाने किया

नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च। नोकिया ने गुरुवार को भारत में अपनी लीडरशिप टीम में बड़े बदलाव का ऐलान किया है।



कंपनी ने समर मित्तल को इंडिया कंट्री बिजनेस लीडर और विभा मेहरा को इंडिया कंट्री मैनेजर बनाया है। ये दोनों नियुक्तियां 1 अप्रैल से लागू होंगी। कंपनी का कहना है कि यह बदलाव भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने और बिजनेस रणनीति को और बेहतर बनाने के लिए किया गया है। नए रोल में समर मित्तल भारत में नोकिया की बिजनेस रणनीति का नेतृत्व करेंगे। उनका फोकस टेलीकॉम ऑपरेटरों के साथ साझेदारी बढ़ाने के साथ-साथ एआई, क्लाउड सर्विसेज और एंटरप्राइज सेक्टर में नए अवसर तलाशने पर रहेगा। वहीं दूसरी ओर विभा मेहरा नोकिया के भारत में कुल संचालन को संभालेंगी। वे कंपनी की कम्युनिकेशन, सरकारी संबंध और पब्लिक एंगेजमेंट पर काम करेंगी। साथ ही वे कंपनी की सीएसआर गतिविधियों और कर्मचारियों से जुड़ी रणनीतियों को भी आगे बढ़ाएंगी। इन दोनों अधिकारियों के पास अपने-अपने क्षेत्रों में लंबा अनुभव है। समर मित्तल के पास टेलीकॉम और आईटी सेक्टर में करीब 30 साल का अनुभव है, और वे पहले मिडिल ईस्ट और अफ्रीका में नोकिया के क्लाउड और नेटवर्क सर्विसेज बिजनेस को संभाल चुके हैं। विभा मेहरा के पास 26 साल से ज्यादा का अनुभव है और वे माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी बड़ी कंपनियों के साथ काम कर चुकी हैं। हाल ही में वे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नोकिया की गवर्नमेंट रिलेशंस हेड रही हैं।

# पेट्रोल-डीजल एक्साइज ड्यूटी कट से कीमतों में राहत: वित्त मंत्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी से उपभोक्ताओं को कीमतों में वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव के बीच घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए प्रति लीटर की कमी की गई है। इससे उपभोक्ताओं को कीमतों में वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। इससे पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटकर 3 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो कि पहले 13 रुपए प्रति लीटर थी। डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होकर शून्य हो गई है, जो कि पहले 10 रुपए प्रति लीटर थी।

वित्त मंत्री ने पोस्ट में आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और लागत में उतार-चढ़ाव से बचाया जाए। इसके अलावा, डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपए प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपए प्रति लीटर का शुल्क लगाया गया है। इससे घरेलू खपत के लिए इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

उम्मीद की जा रही है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) बढ़ते नुकसान की भरपाई के लिए इस कटौती को स्वयं समायोजित करेंगी। कच्चे तेल की कीमत में भारी वृद्धि के कारण ओएमसी को ईंधन की रिटेल बिक्री पर बड़ा नुकसान हो रहा है। मध्यपूर्व में तनाव के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है। बीते एक महीने में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम करीब 40 प्रतिशत बढ़ चुका है। फिलहाल यह 101 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक अहम कदम बताया।

गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय 140 करोड़ भारतीयों को वैश्विक अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करेगा।

पोस्ट में उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उठापटक के बावजूद, केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए प्रति लीटर की कमी करके प्रत्यक्ष मूल्य राहत सुनिश्चित की है। डीजल और एविएशन टरबाइन ईंधन पर रणनीतिक निर्यात शुल्क लगाकर घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता देते हुए, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारत की विकास गति निर्बाध बनी रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इलेक्ट्रिक वाहनों में 'स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड' तकनीक बन रही ग्राहकों की पसंद

नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च। भारतीय दो पहिया बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों में 'स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड' तकनीक ग्राहकों की पहली पसंद बनती जा रही है। खासतौर पर 2025-26 के दौरान कई बड़ी कंपनियां इस सेगमेंट में अपनी नई एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में हैं। बेहतर माइलेज, कम उत्सर्जन और स्मूद ड्राइविंग अनुभव के कारण हाइब्रिड गाड़ियों की मांग बढ़ रही है। इसी क्रम में रिनॉल्ट डस्टर का हाइब्रिड वर्जन सबसे ज्यादा चर्चा में है, जिसमें पेट्रोल इंजन के साथ इलेक्ट्रिक मोटर का संयोजन देखने को मिलेगा। वहीं निसान मोटर अपनी नई टेक्टन एसयूवी को भी इसी प्लेटफॉर्म पर लाने की योजना बना रही है, जो 25 किमी/लीटर से अधिक माइलेज देने में सक्षम हो सकती है।

### पल्सर 125 ने फिर पहले स्थान पर कब्जा किया

नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च। स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने फरवरी 2026 के बिक्री आंकड़े जारी किए हैं। जारी आंकड़ों में पल्सर 125 ने एक बार फिर पहले स्थान पर कब्जा किया। इस लोकप्रिय मॉडल को 58,056 नए ग्राहकों ने खरीदा। पिछले साल की तुलना में बिक्री में लगभग 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। पल्सर श्रृंखला का दबदबा इस बार भी दिखाई दिया। पल्सर 160 और पल्सर 200 ने दूसरे स्थान पर कब्जा किया, जिनकी कुल 31,435 इकाइयों की बिक्री हुई और इसमें 97 प्रतिशत की वृद्धि रही। तीसरे स्थान पर चेतक विद्युत स्कूटर रहा, जिसे 28,004 ग्राहकों ने खरीदा और इसकी बिक्री में 32 प्रतिशत की बढ़त आई, जो देश में बढ़ते विद्युत वाहनों के रुझान को दर्शाती है। प्लेटिना की बिक्री 24,390 इकाइयों की रही और इसमें 17 प्रतिशत की बढ़त देखी गई, जबकि पल्सर 150 की बिक्री में 4 प्रतिशत की गिरावट हुई और यह 13,315 इकाइयों तक सीमित रही।

## मोदी सरकार ने वैश्विक अस्थिरता के बीच पेट्रोल-डीजल कीमतें स्थिर रखीं: हरदीप सिंह पुरी



नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता से सुरक्षित रखने के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा नहीं किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक महीने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं, लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं। इसके कारण दुनिया भर में उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ है। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में कीमतें लगभग 30 प्रतिशत-50 प्रतिशत बढ़ी हैं। वहीं, उत्तरी अमेरिकी देशों में 30 प्रतिशत, यूरोप में 20 प्रतिशत और अफ्रीकी देशों में 50 प्रतिशत बढ़ी हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मोदी सरकार के पास दो विकल्प थे - या तो अन्य सभी देशों की तरह भारत के नागरिकों के लिए कीमतों में भारी वृद्धि करे या फिर अपने वित्त पर पड़ने वाले बोझ को वहन करे ताकि भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता से सुरक्षित रह सकें।

## टीवीएस ने स्कूटर के तीन यूनिक आर्ट एडिशन किए लॉन्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।

अपने प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस एक्स को टीवीएस मोटर कंपनी ने नए और रचनात्मक अंदाज में पेश किया। टीवीएस कंपनी ने 'कलेक्टर्स' सॉरी' नाम के विशेष इवेंट में इस स्कूटर के तीन यूनिक आर्ट एडिशन लॉन्च किए, जिन्हें प्रसिद्ध डिजाइनर मनोवीराज खोसला के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इन एडिशन के जरिए स्कूटर को केवल एक वाहन नहीं, बल्कि कला और डिजाइन के प्रतीक के रूप में पेश किया गया है। इन खास एडिशन की डिजाइनिंग कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित है। हर स्कूटर में अलग-अलग कला शैलियों की झलक देखने को मिलती है। किसी मॉडल में हम्पी की ऐतिहासिक वास्तुकला को उकेरा गया है, तो किसी में छान्नापटना की पारंपरिक लकड़ी की कारीगरी की छाप दिखाई देती है।



वहीं एक अन्य एडिशन मैसुरु की शाही विरासत को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत करता है। अलग-अलग थीम और रंगों में तैयार ये स्कूटर चलते-फिरते आर्ट पीस की तरह नजर आते हैं। तकनीकी दृष्टि से भी टीवीएस एक्स अपने सेगमेंट में खास माना जाता है। यह स्कूटर एक्लेटॉन प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिसमें मजबूत एल्युमिनियम फ्रेम दिया गया है। साथ ही इसमें रैम-एयर कूल्ड मोटर दी गई है, जो बेहतर परफॉर्मेंस और ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करती है। इसका एयरोडायनामिक डिजाइन न केवल इसे आकर्षक बनाता है, बल्कि राइडिंग अनुभव को भी बेहतर करता है।

कंपनी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य केवल एक नया प्रोडक्ट पेश करना नहीं, बल्कि मोबिलिटी को कला, संस्कृति और लाइफस्टाइल से जोड़ना है। टीवीएस मोटर कंपनी का मानना है कि आने वाले समय में वाहन केवल सफर का साधन नहीं होंगे, बल्कि वे व्यक्ति की पहचान और स्टाइल का अहम हिस्सा बनेंगे। कंपनी ने संकेत दिए हैं कि यह पहल सिर्फ शुरूआत है और भविष्य में ऐसे कई डिजाइन-आधारित प्रयोग देखने को मिल सकते हैं।

## 300 की रफ्तार वाली सुपरबाइक्स: कावासाकी की 6 धाकड़ मशीनें, कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।

दुनियाभर में अपनी तेज रफ्तार और दमदार परफॉर्मेंस के लिए कावासाकी की 'निंजा' सीरीज जानी जाती है। कंपनी के कई मॉडल्स अब यहां उपलब्ध हैं, जो स्पीड और टेक्नोलॉजी का शानदार मेल पेश करते हैं। इस लिस्ट में सबसे आगे कावासाकी निंजा एच2 एसएक्स एसई है, जिसे कंपनी की सबसे पावरफुल बाइक माना जाता है। इसमें 998सीसी का सुपरचार्ज्ड इंजन दिया गया है, जो करीब 330 किमी/घंटा की टॉप स्पीड हासिल कर सकता है। एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और रडार जैसे फीचर्स इसे हाई-टेक बनाते हैं। वहीं कावासाकी निंजा झेडएक्स-10आर रेसिंग ट्रैक की पसंदीदा बाइक है। इसका 998सीसी इंजन करीब 197बीएचपी की पावर देता है और इसकी टॉप स्पीड लगभग 299 किमी/घंटा है। इसकी कीमत करीब 20.79 लाख रुपये है। कावासाकी झेड एच2 एसई एक नेकेड सुपरबाइक है, जिसमें 200बीएचपी की ताकत मिलती है। बिना फेयरिंग के बावजूद यह बाइक करीब 290 किमी/घंटा की स्पीड पकड़



सकती है। मिडिल-वेट सेगमेंट में कावासाकी निंजा झेडएक्स-6आर को खास माना जाता है। 636 सीसी इंजन के साथ यह बाइक 260 किमी/घंटा से ज्यादा की रफ्तार पकड़ती है और बेहतरीन कंट्रोल देती है। इसके अलावा कावासाकी निंजा 1100एसएक्स उन राइडर्स के लिए है, जो स्पीड के साथ आराम भी चाहते हैं। यह बाइक करीब 250 किमी/घंटा तक की रफ्तार देती है और लंबी दूरी के सफर के लिए उपयुक्त है।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर की युवती ने बैराज से हिंडन नदी में लगाई छलांग

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 27 मार्च।** थानाक्षेत्र स्थित बैराज से हिंडन नदी में बृहस्पतिवार शाम करीब 3:30 बजे कानपुर की एक युवती ने छलांग लगा दी। राहगीरों ने समय रहते डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गोताखोरों की मदद से युवती को बाहर निकालकर कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि अभी युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि हिंडन नदी से बाहर निकालने के बाद युवती ने केवल इतना बताया कि उसका नाम निम्मी उर्फ आरती (21) है और कानपुर की रहने वाली है। बृहस्पतिवार को ही घर से नाराज होकर निकली थी और यहां पहुंची। इसके बाद वह बेहोश हो गई।

### कूलर कंपनी से मिलता जुलता लोगो लगाकर बेच रहे थे सामान, फैक्टरी सील

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।** कूलर निमार्ता कंपनी समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के ब्रांड से मिलते जुलते लोगो की नकल कर कूलर और अन्य सामान बनाने और बेचने वाली दो फैक्टरियों को कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सील कर दिया है। शिकायत समरकूल प्रबंधन की ओर से की गई थी। फैक्टरियों पर टीम ने छापा मारकर कर माल को बरामद किया है। समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने बताया कि उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को पुलिस-प्रशासन टीम ने दोनों फैक्टरियों में छापा मारा और उनकी कंपनी के नाम पर बनाए जाने वाले उपकरण मिले।

# जंग से सुलगी क्रूड ऑयल की कीमत, तपिश कूलर उद्योग तक

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।**

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़े युद्ध से क्रूड ऑयल के दाम में लगी आग की तपिश जिले के कूलर उद्योग में भी महसूस की जा रही है। कच्चा माल महंगा होने के कारण उत्पादन लागत बढ़ने से देश की प्रमुख कूलर मंडियों में शामिल गाजियाबाद में प्लास्टिक कूलर के दाम आठ से 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इससे व्यापारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़े तनाव का असर स्थानीय उद्योगों पर साफ दिख रहा है। व्यापारियों के अनुसार, बीते 10 दिनों में कूलरों की कीमत में तेजी से उछाल आया है। पिछले साल 1,500 से 1,800 रुपये में मिलने वाला छोटा कूलर अब 2,000 रुपये तक पहुंच गया है। इसी तरह 8,500 से 9,000 रुपये तक बिकने वाले बड़े कूलर की कीमत बढ़कर लगभग 10 हजार रुपये हो गई है।

गाजियाबाद से फरवरी से मई के बीच बड़ी संख्या में कूलरों की सप्लाई देश के विभिन्न राज्यों में होती है। कूलर एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष गोपीचंद ने बताया कि क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने से कच्चे माल की लागत में इजाफा हुआ है। इसका सीधा असर



कूलर उद्योग पर पड़ा है।

**क्रूड ऑयल से तैयार होता है कच्चा माल:** प्लास्टिक कूलर बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल क्रूड ऑयल से तैयार होता है। इससे बनने वाले प्लास्टिक दानों का उपयोग कूलर समेत कई उत्पादों में किया जाता है। व्यापारी नेता सौरभ के अनुसार, मध्य एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चा माल महंगा हो गया है। गाजियाबाद में प्लास्टिक दाना बनाने वाली सैकड़ों इकाइयां हैं, जो इस बढ़ोतरी से प्रभावित हुई हैं।

**इन क्षेत्रों में है कूलर उद्योग:** गाजियाबाद के साउथ साइट जीटी रोड, बुलंदशहर रोड, मालीवाड़ा, विकासनगर, मेरठ रोड और मसूरी-गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र कूलर निर्माण के प्रमुख केंद्र हैं।

**अप्रैल में चढ़ेगा पारा, तब बढ़ेगी परेशानी:** लर व्यापारियों का कहना है कि हर साल अप्रैल में गर्मी बढ़ते ही कूलर की मांग बढ़ जाती है। आम लोगों की पहुंच से एसी अब भी दूर है। इसलिए ठंडी हवा लेने और गर्मी की तपिश से राहत पाने के लिए ज्यादातर लोग कूलर खरीदते हैं।

### एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का सालाना कारोबार

कूलर उद्योग से जुड़े लोगों के मुताबिक, जिले में कूलर उद्योग का सालाना कारोबार एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। फरवरी से मई के बीच यहां से लाखों कूलरों की सप्लाई देशभर में होती है। थोक व्यापारी और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया कि जिले में 100 से अधिक कूलर निर्माण इकाइयां हैं। इनकी सबसे अधिक सप्लाई उत्तर प्रदेश के भीतर ही होती है। प्रमुख ब्रांड्स का कारोबार सैकड़ों करोड़ रुपये तक पहुंचता है।

## स्कूटी सवार दंपती और उनकी बेटी की पिटाई, मोबाइल फोन भी लूटा

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।**

नंदग्राम थाना क्षेत्र में स्कूटी की ऑटो में टक्कर लगने से गुस्साई भीड़ ने स्कूटी सवार युवक और उनकी पत्नी और बेटी के साथ अभद्रता की। भीड़ के हमले में महिला के कपड़े तक फट गए और बेटी भी घायल हो गई। आरोप है कि आक्रोशित भीड़ उनका मोबाइल भी लूटकर ले गई। स्कूटी सवार की तहरीर पर नंदग्राम पुलिस ने चार नामजद और 35 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि नई बस्ती निवासी राहुल जादौन के मुताबिक 23 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे वह पत्नी साक्षी और छोटी बेटी के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह शनि मंदिर रोड पर पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ऑटो ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े और उन्हें चोटें आई। आरोप है कि हादसे के तुरंत बाद हालात बिगड़ गए। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने मदद करने के बजाय उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते 35 से 40 लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उनके परिवार को घेर लिया। भीड़ ने जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिसमें लात-घूसे और डंडों से मारपीट की गई। राहुल के मुताबिक हमले के दौरान उनकी पत्नी साक्षी के साथ अभद्रता की गई और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। इस दौरान उनकी जेब से मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। घटना से परिवार में दहशत फैल गई और बच्ची भी बुरी तरह सहम गई। राहुल जादौन का कहना है कि हमले में उन्हें और उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं।

## मास्टर रोड पर ब्रेकर न होने से हादसों को दावत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।** सेक्टर- 76 में सोसाइटियों के पास बनी मास्टर रोड पर एक भी ब्रेकर नहीं है। ब्रेकर न होने के कारण सड़क पर लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। निवासियों का कहना है कि रोड पर कई सोसाइटियां है। सोसाइटी से बाहर बच्चे खेलते-खेलते सड़क पर भी निकल जाते हैं। मास्टर रोड पर पूरे दिन वाहनों की आवाजाही लगी रहती है, इससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर निवासियों में डर बना रहता है। पार्क फ्लोर टू सोसाइटी के निवासी सुमित कंबोज ने बताया कि चौड़ी सड़क होने के चलते बाइक राइडर तेज गति में बाइक चलाते हैं, कई बार वे बाइक से स्टंट करते हुए भी नजर आते हैं। इन सभी चीजों को लेकर प्रशासन से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं एडल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अभिषेक ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान निकाला जाए।

## सिंगापुर की तर्ज पर यातायात व्यवस्था को सुधारेगी पुलिस

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।** जिले की यातायात व्यवस्था अब सिंगापुर की तर्ज पर सुधरेगी। इसके लिए व्यस्ततम चौराहों पर 15 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ लगाए गए हैं। बूथों में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) से लैस हैं। इस कैमरे से चौराहे से निकलने वाले प्रत्येक वाहन की नंबर प्लेट का ब्योरा बूथ में रिकार्ड किया जाएगा। इसके साथ ही कंप्यूटर से नंबर प्लेट वाहन स्वामी और चालान की जानकारी यातायात पुलिस को कुछ सैकेंड में प्राप्त होगी। डीसीपी यातायात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि सिंगापुर की तर्ज पर इन बूथ पर 24 घंटे सातों दिन यातायात पुलिस तैनात रहेगी। सोलर से पैनल युक्त बूथ में दो पुलिसकर्मियों के बैठने की सुविधा है जो इसमें लगे 307 एंगल पर लगे व्यू शीशे से वह चौराहे की प्रत्येक सड़क पर निगरानी रख सकते हैं। इन बूथों में लाउडस्पीकर भी लगा है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन की नंबर प्लेट से लाउडस्पीकर से चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को मैसेज दिया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों और चौराहे की जानकारी के लिए बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक पट्टी चलती रहेगी। एएनपीआर कैमरे से लैस स्मार्ट ट्रैफिक बूथ एआई तकनीक का उपयोग करके वाहनों की नंबर प्लेट को ऑटोमेटिक तरीके से पढ़ सकेंगे और रिकार्ड रखेंगे। ये ट्रैफिक प्रबंधन, चोरी हुई गाड़ियों को ट्रैक करने, टोल कलेक्शन और सुरक्षा के लिए उम्र पूरी कर चुके वाहनों को चिह्नित करेंगे। बूथ पर टीएसआई और यातायात पुलिसकर्मी की तैनाती रहेगी।

## हरीश राणा की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जित, तेरहवीं पैतृक गांव में करेगा परिवार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।** इच्छामृत्यु के बाद 13 वर्षों की मौन पीड़ा से मुक्त हुए हरीश राणा की अस्थियां बृहस्पतिवार को हरिद्वार में गंगा में विसर्जित कर दी गईं। इसके बाद पूरा परिवार हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गया। वहां तेरहवीं सहित अन्य सभी कर्मकांड संपन्न किए जाएंगे। राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एंपायर सोसायटी निवासी एनपी शर्मा ने बताया कि इससे पहले बुधवार देर शाम सोसायटी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गहरे शोक में डूबे परिवार को काफी मनाने के बाद इसमें शामिल कराया जा सका। पिता अशोक राणा भी कई बार आग्रह के बाद सभा में पहुंचे। गमगीन माहौल में उपस्थित लोगों ने हरीश को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी और परिवार के साहस को नमन किया। एनपी शर्मा ने बताया कि अस्थियां चुनने के बाद परिवार हरिद्वार गया और वहीं विसर्जन किया।

## महिला सशक्तीकरण को मिला बल, परिवहन योजना से बढ़ी सुरक्षा की उम्मीद

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।**

नवरात्र के पावन अवसर पर जहां नारी शक्ति की आराधना की जा रही है, वहीं हरियाणा सरकार के साल 2026-27 के बजट में घोषित परिवहन योजना को महिला सशक्तीकरण के नजरिये से एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। जिले में महिलाओं और छात्राओं के लिए समर्पित बसों की संख्या 273 से बढ़ाकर 500 करने का फैसला उनके सुरक्षित और सहज आवागमन की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इस पहल से न केवल सफर आसान होगा, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

शहर के भीतर सार्वजनिक परिवहन की सीमित व्यवस्था लंबे समय से महिलाओं के लिए चुनौती बनी हुई है। कई ऐसे रूट हैं जहां सरकारी बसें संचालित नहीं होतीं, जिससे महिलाओं और छात्राओं को निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। खासकर नौकरीपेशा महिलाओं को रात के समय अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जब सुरक्षित और किफायती साधन उपलब्ध नहीं होते।

हालांकि इस योजना की घोषणा



पहले ही की जा चुकी है, लेकिन नवरात्र के अवसर पर इसे महिला सशक्तीकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। यह पहल महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत भी देती है।

मैं दिल्ली स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करती हूं। रोज आना-जाना होता है। बसों की संख्या बढ़ने से अब देर शाम घर लौटना पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित महसूस होगा और निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी।- शशि मनचंदा, सेक्टर-8

कॉलेज आने-जाने में अक्सर दिक्कत होती थी, लेकिन अब इस फैसले से सफर आसान और किफायती होने की उम्मीद है।-पूजा, नगला एन्क्लेव

## मास्टर रोड पर ब्रेकर न होने से हादसों को दावत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।** सेक्टर- 76 में सोसाइटियों के पास बनी मास्टर रोड पर एक भी ब्रेकर नहीं है। ब्रेकर न होने के कारण सड़क पर लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। निवासियों का कहना है कि रोड पर कई सोसाइटियां है। सोसाइटी से बाहर बच्चे खेलते- खेलते सड़क पर भी निकल जाते हैं। मास्टर रोड पर पूरे दिन वाहनों की आवाजाही लगी रहती है, इससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर निवासियों में डर बना रहता है। पार्क फ्लोर टू सोसाइटी के निवासी सुमित कंबोज ने बताया कि चौड़ी सड़क होने के चलते बाइक राइडर तेज गति में बाइक चलाते हैं, कई बार वे बाइक से स्टंट करते हुए भी नजर आते हैं। इन सभी चीजों को लेकर प्रशासन से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं एडल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अभिषेक ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान निकाला जाए।

## जिले में 15 हजार लोगों ने पीएनजी कनेक्शन लेने के बाद भी नहीं करवाया शुरू

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 27 मार्च।**

घरेलू एलपीजी सिलिंडर की किल्लत और सप्लाई को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच फरीदाबाद में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की मांग तेजी से बढ़ रही है। शहर के एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद और ग्रेटर फरीदाबाद में पाइपलाइन पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में लोग पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं। हालात यह हैं कि करीब 10 हजार लोग कनेक्शन के इंतजार में हैं जबकि दूसरी ओर करीब 15 हजार घर ऐसे हैं जहां पीएनजी कनेक्शन लग चुका है लेकिन अब तक गैस चालू नहीं कराई गई।



एलपीजी सिलिंडर की उपलब्धता और कीमत को लेकर बनी आशंकाओं के कारण लोग अब स्थायी गैस व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। सरकार और गैस कंपनियों की ओर से भी लोगों को पीएनजी अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है लेकिन शहर में अब भी ऐसे कई लोग है जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद शुरू नहीं करवाया है।

**सिलिंडर की किल्लत के बाद पीएनजी के लिए बढ़े आवेदन**

गैस कंपनियों के अनुसार फरीदाबाद में हर महीने औसतन करीब 3 हजार लोग पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं। मार्च महीने में यह संख्या बढ़कर करीब 10 हजार तक पहुंच गई जो पिछले महीनों के मुकाबले ज्यादा है। पीएनजी में पाइपलाइन के जरिये लगातार सप्लाई मिलती है, इसलिए शहरी इलाकों में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। इस समय करीब 10 हजार उपभोक्ता वेटिंग में हैं जिनके घरों तक लाइन या मीटर लगाने का काम चल रहा है।

**फरीदाबाद में करीब एक लाख कनेक्शन**

फरीदाबाद में इस समय करीब एक लाख घरों में पीएनजी कनेक्शन हैं। सबसे ज्यादा उपभोक्ता ग्रेटर फरीदाबाद, नहर पार और ओल्ड फरीदाबाद में हैं जहां पिछले कुछ वर्षों में तेजी से पाइपलाइन बिछाई गई है। इसके बावजूद करीब 15 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने कनेक्शन तो ले लिया लेकिन गैस शुरू नहीं कराई। शहर के कई हिस्सों में पीएनजी नेटवर्क होने के बावजूद अरावली क्षेत्र और सूरजकुंड के आसपास अभी पाइपलाइन नहीं पहुंची है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## मैंने किसी सह-अभिनेत्री से असुरक्षा महसूस नहीं की: रवीना टंडन

हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक आर्टिकल साझा करते हुए उन दावों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें फिल्म अंदाज अपना अपना की शूटिंग के दौरान उनके और करिश्मा कपूर के बीच कथित तनाव का जिक्र किया गया था। इस आलेख में फैशन डिजाइनर एशले रेबेलो का हवाला देते हुए दावा किया गया था कि शूटिंग के दौरान करिश्मा यह जानना चाहती थीं कि रवीना फिल्म में क्या पहन रही हैं। इन दावों के बारे में रवीना टंडन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी किसी सह-अभिनेत्री से असुरक्षा महसूस नहीं की और न ही वह किसी तरह की 'क्लासरूम पॉलिटिक्स' का हिस्सा रही हैं। रवीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि वह हमेशा अपनी दुनिया में खुश और संतुष्ट रही हैं।

उनके मुताबिक, भगवान ने उन्हें जीवन में बहुत कुछ दिया है और वह हर मौके के लिए आभारी हैं।



## अभिनेत्री मानसी पारेख की मेहनत को मिला सम्मान

बॉलीवुड अभिनेत्री मानसी पारेख को हाल ही में एंटरटेनमेंट कैटेगरी में फेमिना गेम चेंजर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मानसी ने अवॉर्ड प्राप्ति की खुशी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे अवॉर्ड हाथ में लिए दिखाई दीं। मानसी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'हम अपनी नई राह खुद बनाते हैं। यही हमेशा मेरा मंत्र रहा है, चाहे जिंदगी हो या करियर। मैंने कभी भी लोगों की उम्मीद के मुताबिक रास्ता नहीं चुना। अपना खुद का रास्ता बनाया, भले ही वह कभी-कभी अनिश्चित लगे, हमेशा फायदेमंद साबित हुआ है।'

उन्होंने बताया कि वे एक सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं और इंडस्ट्री में बिना किसी कनेक्शन के शुरूआत करना आसान नहीं था। मानसी ने कहा, 'बिना किसी मदद के शुरूआत करके आज अपने सपनों को जीना और दूसरों के लिए भी नए मौके बनाना बहुत संतोषजनक है।'



## बोल्ड नहीं ट्रेडिशनल अंदाज में दिखीं उर्फी जावेद

### चौंक गए नेटिजंस; मेट गाला आउटफिट से की तुलना

उर्फी जावेद ने एक्टिंग से अपने करियर कर शुरूआत की, आगे चलकर वह फैशन इंफ्लुएंसर बन गईं। बोल्ड और अटपटी ड्रेस पहनकर चर्चा में आईं। लेकिन अब लगता है कि उर्फी ने अपना रास्ता बदल लिया है। हाल ही में वह साड़ी पहने एक इवेंट में पहुंचीं। साड़ी भी बिल्कुल रिवीलिंग नहीं थी। यह सब देखकर सोशल मीडिया यूजर चौंक गए। उर्फी के ट्रेडिशनल लुक पर यूजर्स ने खूब रिएक्शन दिए हैं। उर्फी जावेद के ट्रेडिशनल लुक से इंप्रेस हुए सोशल मीडिया यूजर्स

उर्फी जावेद को अब तक शॉर्ट, बोल्ड ड्रेस में देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ट्रोल करते थे। लेकिन इंफ्लुएंसर का ट्रेडिशनल लुक देखकर सब हैरान हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उर्फी की तारीफ भी की है। एक यूजर ने लिखा, 'पूह से बनीं पार्वती।' वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'बैडी देसी का अंदाज'। इसी तरह कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके आउटफिट की तुलना मेट गाला की ड्रेसेस से कर दी।

उर्फी जावेद करियर फ्रंट पर क्या कर रही हैं? उर्फी जावेद रियलिटी शो 'स्पिट्सविला' का हिस्सा बनी हैं, बतौर होस्ट इस शो से जुड़ी हैं। वह कई और रियलिटी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। अपनी ही लाइफ पर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार' उर्फी ने किया। साथ ही वह रियालिटी शो 'एंगेज्ड रोका या धोखा' और 'ट्रेटर्स' में का भी हिस्सा बनी थीं।



## रामनवमी पर 'वाराणसी' की टीम ने खास अंदाज में दी शुभकामनाएं, दिखाई भगवान राम की छोटी सी झलक

एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' का रिलीज से एक साल पहले ही काफी बज बना हुआ है। अगले साल रामनवमी के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। अब 'वाराणसी' के मेकर्स ने आज रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए एक झलक साझा की है। इसमें भगवान राम के साथ हनुमान जी की भी झलक देखने को मिलती है।

### वाराणसी की टीम ने साझा की खास झलक

फिल्म के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से टीम ने फैंस और दर्शकों को रामनवमी की शुभकामनाएं भेजी हैं। टीम ने फिल्म से रामायण से जुड़ा एक ऐतिहासिक सीन साझा किया। इसमें भगवान राम धनुष और बाण लिए रावण से युद्ध करने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं।

जबकि हनुमान जी पर्वत उठाए नजर आ रहे हैं। भगवान राम अपनी सेना के कई वानरों के सहारे उनके ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं। छोटी सी झलक के साथ कैप्शन में लिखा है, 'आप उन्हें अगली श्रीरामनवमी पर सिनेमाघरों में देखेंगे।'

### अगले साल 7 अप्रैल को रिलीज होगी 'वाराणसी'

'वाराणसी' अगले साल 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में महेश बाबू के साथ प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। महेश बाबू फिल्म में रुद्र का किरदार निभा रहे हैं। लेकिन फिल्म का एक अहम हिस्सा रामायण पर भी आधारित है, जिसमें महेश बाबू राम के किरदार में दिखाई देंगे। 'वाराणसी' को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी और बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। फैंस को राजामौली की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।



## एशियाई खेलों में पदक जीतना रहेगा लक्ष्य : मीराबाई चानू

**रायपुर, यूटर्न/ 27 मार्च।** भारत की ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि वह राष्ट्रमण्डल खेलों में 48 किलोग्राम वर्ग में ही उतरेंगी पर उसके बाद उन्हें इसे एशियाई खेलों के लिए बदलना होगा। चानू के अनुसार वह आज तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पायी हैं , इसलिए उनका लक्ष्य इस बार पदक जीतना रहेगा। इस खिलाड़ी के अनुसार बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए वजन वर्गों में जरुरत के अनुसार बदलाव करना होता है। गौरतलब है कि चानू वह एक दशक से भी अधिक समय से भारत की ओर से विश्व स्तर पर भरोत्तोलन में पदक जीतती रही हैं। इसमें टोक्यो ओलंपिक्स के रजत पदक के साथ ही, तीन विश्व चैंपियनशिप पदक शामिल रहे हैं पर वह अभी तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पायी हैं। मीराबाई ने पहली बार 19 साल की उम्र में पहली बार एशियाई खेलों में भाग लिया था और 2014 के इंचियोन एशियन गेम्स में वह नौवें स्थान पर रहीं थीं। बाद में पीठ की चोट के कारण उन्हें 2018 के जकार्ता एशियन गेम्स से हटना पड़ा था। वह साल 2022 के हांगझोऊ एशियाई खेलों में पदक के सबसे करीब पहुंची थीं पर फिट नहीं होने के कारण बीच में ही बाहर हो गयी थीं। इसके बाद वह पांच महीने तक खेल से दूर थीं। इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था पर वह पदक जीतने में असफल रहीं थीं।



## आईपीएल के पहले ही मैच में रिकार्ड बना सकते हैं भुवनेश्वर

**मुम्बई, यूटर्न/ 27 मार्च।** आईपीएल के 19 सत्र के पहले ही मैच में रॉयल चैलेंजस बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक नया रिकार्ड बना सकते हैं। भुवनेश्वर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले पहले मैच में दो विकेट लेने के साथ ही इस लीग में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक इस लीग में स्पिनर यजुवेन्द्र चहल के नाम ही 200 विकेट हैं पर कोई भी तेज गेंदबाज यहां तक नहीं पहुंचा है। भुवनेश्वर ने अब तक 190 आईपीएल मैचों में 198 विकेट लिए हैं, उनका औसत 27.33 रहा है। इस दौरान उन्होंने 2 बार 5 विकेट और 2 बार 4 विकेट भी लिए हैं1 आईपीएल में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं तेज गेंदबाजों की बात करें तो जसप्रीत बुमराह सूची में दूसरे नंबर पर हैं, उनके नाम 183 विकेट हैं। वहीं वेस्टइंडीज के डवेन ब्रावो के नाम भी इतने ही विकेट हैं। आरसीबी ने इस सत्र में भुवनेश्वर को 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। पिछले सत्र में उन्होंने 14 पारियों में 17 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर कुमार का पावरप्ले में रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने आईपएल में अपने 79 विकेट पावरप्ले में लिए हैं, जो किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 6.46 रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गए: गवर्नर

**मॉस्को, यूटर्न/ 27 मार्च।** उत्तर-पश्चिमी रूस में फिनलैंड की खाड़ी के तट पर स्थित लेलिनग्राद शहर के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोजडेन्को ने कहा कि क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गए। श्री ड्रोजडेन्को ने टेलीग्राम पर लिखा, 'लेनिनग्राद क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी हटा दी है। हमले को नाकाम करने के दौरान 36 ड्रोन नष्ट किए गए।' गौरतलब है कि रूस 24 फरवरी, 2022 से अपना विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य यूक्रेन शासन द्वारा नरसंहार का शिकार हुए लोगों की रक्षा करना है। राष्ट्रपति पुतिन के अनुसार, इस अभियान का अंतिम लक्ष्य डोनबास को पूर्ण रूप से मुक्त कराना और रूस की सुरक्षा की गारंटी देने वाली परिस्थितियां बनाना है जिसमें यूक्रेन का विसैन्यीकरण और नाजीवाद का उन्मूलन शामिल है।

### बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू, यूटर्न/ 27 मार्च।** नेपाल में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संसदीय दल के नेता बालेंद्र शाह को नेपाल का 47वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के साथ ही नए मंत्रिमंडल के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। श्री शाह को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में संविधान की धारा 76 (1) के तहत यह पद सौंपा गया है। वह काठमांडू महानगर पालिका के मेयर पद से इस्तीफा देकर राजनीति के राष्ट्रीय पटल पर उतरे और लोगों ने उन पर भरोसा जताया। हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद श्री शाह पहली बार संसद सदस्य के रूप में प्रवेश करते ही देश के कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### मध्य पूर्व संकट के बीच आतंकवाद और सुरक्षा चुनौतियों ने भारत-इजरायल को किया और करीब

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 27 मार्च।** मध्य पूर्व में बदलते भू-राजनीतिक हालात के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक रुख उसके इजरायल के साथ रणनीतिक संबंधों को और मजबूत कर सकता है। पिछले तीन दशकों में दोनों देशों के बीच साझेदारी लगातार बढ़ी है। यह संबंध पहले सीमित कूटनीतिक बातचीत तक था, लेकिन अब यह मजबूत सुरक्षा और तकनीकी सहयोग में बदल चुका है।

## यूएस-ईरान में मध्यस्थता की पहल करने वाले पाकिस्तान का काबुल के खिलाफ 'खुला जंग' जारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 27 मार्च।**

पाकिस्तान अचानक बढ़ते अमेरिका-ईरान संघर्ष में अपने डिप्लोमैटिक संबंधों का फायदा उठाकर एक मीडिएटर के तौर पर सामने आया है। हालांकि, अफगानिस्तान के साथ उसका अपना चल रहा युद्ध, इलाके के दूसरे देशों की मध्यस्थता की कई कोशिशों के बावजूद अभी तक सुलझा नहीं है।



रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान अमेरिका-ईरान के बीच तनाव को कम करने के लिए बातचीत को आसान बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध को टाला जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान, तुर्किए और मिस्र के जरिए हुई 'सकारात्मक' अप्रत्यक्ष कूटनीति के बाद ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमलों में पांच दिन की सीमित रोक लगाने की घोषणा की।

इस कदम के साथ ही इस्लामाबाद खुद को एक अहम मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है और अमेरिका-ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच सीधी बातचीत की मेजबानी की पेशकश कर रहा है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने व्हाइट हाउस के साथ अपने बेहतर होते संबंधों और सऊदी अरब, यूएई और तुर्किए जैसे क्षेत्रीय ताकतों के साथ पाकिस्तान के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का फायदा उठाकर इस कोशिश को आगे बढ़ाया है। इस्लामाबाद की यह जल्दबाजी काफी हद तक हाल के विवादों के बाद वैश्विक अहमियत बढ़ाने की जरूरत और मिडिल ईस्ट की अस्थिरता के बीच आर्थिक फायदा हासिल करने से उपजी है।

अफगानिस्तान के साथ चल रहे झगड़े के बावजूद, अमेरिका-ईरान युद्ध में बीचबचाव करने की पाकिस्तान की इच्छा, जरूरी रणनीतिक, आर्थिक और प्रतिष्ठा की जरूरतों से पैदा हुई है। इस कदम से इस्लामाबाद को घरेलू और क्षेत्रीय संकटों के बीच खुद को एक जिम्मेदार वैश्विक खिलाड़ी के तौर पर पेश करने का मौका मिलता है।

जनरल मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद को एक तटस्थ मंच के रूप में सामने रखा है, जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी सहमति मिली है, ताकि भारत, ईरान और अब अफगानिस्तान के साथ तनाव के बाद पाकिस्तान अपनी अहमियत फिर से स्थापित कर सके। पाकिस्तान अब खुद को काफी हद तक 'जरूरी' स्टेटस में दिखाने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि वह अभी तक अमेरिका-ईरान के बीच सीधे संपर्क की पुष्टि नहीं होने के बावजूद दबाव में संदेश दे रहा है।

इसी बीच, पाकिस्तान ने काबुल के खिलाफ 'खुली जंग' का ऐलान कर दिया है, जिसमें राजधानी समेत कई अफगान शहरों पर एयरस्ट्राइक किए गए, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। हाल में काबुल के एक ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर में हुए बम धमाके में 400 से ज्यादा लोग मारे गए। यह लड़ाई 2,600 किमी से ज्यादा लंबे विवादित डूरंड लाइन बॉर्डर से जुड़ी है, जिसे अफगानिस्तान पश्तून जमीन का कॉलोनियल बंटवारा मानकर खारिज करता है।

## किम जोंग-उन और लुकाशेंको के बीच हुई मुलाकात, मित्रता व सहयोग संधि पर हस्ताक्षर

» **सियोल, यूटर्न/ 27 मार्च।**



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने प्योंगयांग में बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ शिखर वार्ता की। इस दौरान, दोनों नेताओं ने मित्रता और सहयोग के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी लुकाशेंको, नेता किम जोंग उन के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचे। बताया गया है कि उन्होंने कहा कि प्योंगयांग और मिन्स्क के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक नए चरण तक बढ़ाया गया है।

उत्तर कोरिया की कोरियन सेंट्रल समाचार एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, किम जोंग उन और लुकाशेंको ने कूटनीति, कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में कई समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। केसीएनए ने बताया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर संतोष और विश्वास व्यक्त किया कि उनके सहयोगात्मक संबंध इस तरह से विस्तारित और विकसित होंगे, जो उनके लोगों के हितों को पूरा करते हों।

इससे पहले, 26 मार्च को किम जोंग-उन ने प्योंगयांग में बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको का स्वागत किया था। यह उनकी उत्तर कोरिया की पहली आधिकारिक यात्रा थी। केसीएनए के अनुसार, बुधवार को किम इल सुंग स्क्वायर पर लुकाशेंको के स्वागत के लिए एक समारोह आयोजित किया गया, जहां वह किम के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा के लिए अपने निजी विमान से पहुंचे थे।

## ईरान युद्ध के बीच बदलते समीकरणों के चलते चीन ने बदला अपना रुख

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 27 मार्च।**



अमेरिकी सरकार के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन ईरान विवाद पर अपने नजरिए को बदल रहा है। पूर्व अधिकारी ने कहा कि चीन अमेरिका के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की तैयारी के लिए तनाव कम करने के लिए समर्थन का संकेत दे रहा है।

यह बात ऐसे समय में आई है जब प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने चीन जाने का प्लान बना रहे हैं, जबकि खाड़ी में लड़ाई बढ़ती जा रही है।

पूर्व अधिकारी ने कहा, 'यह बहुत अच्छी बात है कि राष्ट्रपति इस बड़े युद्ध के बीच में चीन जाने के लिए तैयार थे।' उन्होंने इस समय को बहुत अजीब बताया।'

बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अप्रैल में चीन के दौरे पर जाने वाले थे। हालांकि, हालिया हमलों और तनाव की वजह से अब चर्चा हो रही है कि वह मई में चीन दौरे पर जाएंगे। ट्रंप के चीन दौरे को लेकर अधिकारी ने कहा कि एशिया भर के देश प्रस्तावित समिट पर करीब से नजर रख रहे हैं, क्योंकि इससे इलाके की स्थिरता और आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। अधिकारी ने कहा, 'एशिया का हर देश देख रहा है और उम्मीद कर रहा है कि जब राष्ट्रपति ट्रंप चीन आएंगे तो क्या उम्मीद की जा सकती है।' अमेरिकी सरकार के एक दूसरे पुराने अधिकारी ने कहा कि हाल की आर्थिक बातचीत के बाद इस लड़ाई ने दोनों पक्षों को फिर से सोचने का मौका दिया है। पेरिस में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए अधिकारी ने कहा, 'खाड़ी में ऑपरेशन दोनों पक्षों के लिए ज्यादा समय पाने का एक पॉलिटिकल कवर बन गया।' अधिकारी ने कहा कि चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति की मेजबानी के लिए, तैयार होने का संकेत दिया जारी रखा है। हालांकि, अभी इस दौरे से संबंधित डिटेल्स को लेकर कुछ भी तय नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा, 'चीनियों ने आज सुबह कमोबेश संकेत दिया कि वे अभी भी उनकी (ट्रंप की) मेजबानी के लिए तैयार होंगे, लेकिन तारीखें कन्फर्म नहीं कीं।' इसके साथ ही, हाल की डिप्लोमैटिक बातचीत के बाद लड़ाई पर चीन के मैसेज में बदलाव के संकेत दिखे हैं। एक तीसरे पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने कहा, 'शांति को बढ़ावा देने, ईरानियों को बातचीत की टेबल पर लाने पर ज्यादा ध्यान दिया गया है।'

## आने वाले महीनों में ऑस्ट्रेलिया की तेल आपूर्ति और मुश्किल होगी : पीएम अल्बनीज

» **कैनबरा, यूटर्न/ 27 मार्च।**



ईरान और अमेरिका-इजरायल में जारी हमलों की वजह से जो तनाव पैदा हुआ है, उसने तेल और गैस को लेकर दुनिया के तमाम देशों की चिंता बढ़ा दी है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शुक्रवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया की फ्यूल सप्लाई शॉर्ट टर्म में अच्छी लग रही है लेकिन आने वाले महीनों में यह और मुश्किल हो जाएगी।

देश में बढ़ते फ्यूल संकट पर कैनबरा में पार्लियामेंट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए पीएम अल्बनीज ने कहा कि सरकार सबसे मजबूत योजना बनाने के लिए रात-दिन काम कर रही है और जो भी हो सकता है उसके लिए पूरी तरह तैयार है।

अल्बनीज ने मलेशिया और बड़े आसियान इलाके के साथ अपने सकारात्मक संबंधों का जिक्र किया। बता दें, मलेशिया ऑस्ट्रेलिया को तेल का एक अहम सप्लायर है।

जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और तेल की सप्लाई वैसी ही बनी हुई है। बोवेन ने कहा, 'सरकार ने हमेशा माना है कि क्षेत्रीय ऑस्ट्रेलिया में असली और स्वीकार ना की जा सकने वाली कमी है क्योंकि डिमांड बहुत बढ़ गई है और उस मजबूत घरेलू सप्लाई में समय लगा है।'

अल्बनीज तेल के संकट की स्थिति को लेकर चर्चा करने के लिए सोमवार को एक नेशनल कैबिनेट मीटिंग भी बुलाएंगे। इससे पहले दिन में, विपक्ष के नेता एंगस टेलर ने सरकार से तीन महीने के लिए फ्यूल एक्साइज को अस्थायी तौर पर आधा करने की मांग की थी।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने बुधवार को माना कि देश भर के करीब 470 सर्विस स्टेशनों में कम से कम एक तरह का फ्यूल खत्म हो गया है।

इससे पहले 24 मार्च को, ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने रिपोर्ट किया था कि ऑस्ट्रेलिया में अब सिर्फ दो घरेलू रिफाइनरियां चल रही हैं, जबकि इसका 80 फीसदी से ज्यादा पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल इंपोर्ट किया जाता है, जिसमें से लगभग सारा एशिया से आता है। एबीसी ने यह भी बताया था कि एशियाई रिफाइनर जो कच्चा तेल इस्तेमाल करते हैं, उसका ज्यादातर हिस्सा मिडिल ईस्ट से आता है और इसे मुख्य रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भेजा जाता है। रिपोर्ट में कहा गया था कि ग्लोबल तेल बाजार में सप्लाई में भारी रुकावट आ रही है और बाजार अभी भी इस झटके के समय और नुकसान को कम आंक रहे हैं। इसमें कहा गया था कि अगर होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल भी जाता है, तो शिपिंग बीमा जल्दी ठीक नहीं हो पाएगा, जिसका मतलब है कि ग्लोबल और ऑस्ट्रेलियाई दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर इसका असर और खराब हो सकता है।

## इजरायल ने दक्षिणी लेबनान की बस्तियों पर फास्फोरस युक्त गोला-बारूद से किया हमला

» **बेरुत, यूटर्न/ 27 मार्च।**



इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान की आठ बस्तियों पर फास्फोरस युक्त गोला-बारूद से हमला किया।

यह जानकारी लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को दी। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध क्षेत्रों में फास्फोरस युक्त गोला-बारूद का उपयोग निषिद्ध है।

संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस के मानकों के अनुसार, नागरिकों या आबादी वाले क्षेत्रों के खिलाफ ज्वलनशील हथियारों का उपयोग प्रतिबंधित है। यह विशिष्ट पारंपरिक हथियारों पर सम्मेलन में निहित है, जो ऐसे हमलों पर प्रतिबंध लगाता है जिनसे अत्यधिक पीड़ा होने की आशंका हो।

फॉस्फोरस का उपयोग गंभीर जलन और आग का कारण बन सकता है, इसलिए नागरिकों के खिलाफ इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन और संभावित युद्ध अपराध माना जाता है। इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा यानी मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने कहा कि लेबनानी हिजबुल्लाह आंदोलन की गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरी इजरायल में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

नवंबर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के पांच रणनीतिक बिंदुओं पर मौजूद है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *